RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster



Where dream Chisels into reality

YOUNGSTER • ESTABLISHED 2004 • NEW DELHI • AUGUST 2018 • PAGES 8 • PRICE 1/- • MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

# Tecnia Organized Orientation Program for Fresher's






*Lamp Lighting Ceremony*




*Prize Distribution Ceremony*



*Group Photograph*

Life is Learning, Dream is Learning and Everything is Learning. This is what Omsul Publishers Managing Director Pravesh Chandel said while addressing the orientation Program organized for BA(J&MC) Fresher's in the auditorium of the Tecnia Institute of Advanced Studies, Madhuban Chowk, Rohini on 2 August 2018 as the Chief Guest. He also added that students should not celebrate these three years like picnic. They have to give good result as desired by their parents, society, institute and also to use mobile in a constructive way. Orientation program was inaugurated by Mr. Pravesh Chandel (Managing Director, Omsul Publishers) Dr. Ram Kailash Gupta (Chairman, Tecnia Group), Dr. Ajay Kumar (Director, Tecnia Institute of Advanced Studies), Dr. A.K. Srivastava, Chief Executive (Academic and Development, Tecnia Institute of Advanced Studies), Prof. Ambrish Saxena, Dr. Nidhi Bansal (Academic Coordinator, TIAS) Dr. Vishal Khatri (HoD, MCA) and Sanjay Kumar Srivastava (HoD Head, BAJMC).On this occasion Dr. Ajay Pratap Singh (Head, IQAC) gave insight about BAJMC, BBA, MBA and MCA course, faculty members, staff working in the institute, various academic activities like Press and Media Club, IT Club, Cultural Club, Videography and Photography Club, Abhivyakti club, bilingual monthly newspaper & Youngster & quit; Course, Lecture Plan, Time Table, Mentorship Group, Tecnia achievements, upcoming plans, vision, mission and policy of Tecnia. At the same time, he also called upon the students to take continuous study and avail all educational facilities available in the institute. Dr. Ram Kailash Gupta (Chairman, Tecnia Group), Director of the Institute Dr Ajay Kumar and Chief Executive (Academic and Development) Dr. A. K Srivastava greeted new students & gave best wishes for their bright future. All teachers of BAJMC, BBA, MBA and MCA department were present on this occasion

*BalKrishna Mishra*

# राजनीतिक और अपराध पत्रकारिता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**28 अगस्त 2016, दिल्ली**

टेक्निया इंस्टीट्यूट ऑफ एडवान्स्ड स्टडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी क्लब ने तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के उदघाटन और प्रथम सत्र में विरेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, पत्रकारिता विभाग, ने अपराध समाचार की रिपोर्टिंग कैसे करें, विषय पर गंभीरता से प्रकाश डालते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 499, 500, 501 एवं 502 के बारे में बताते हुए कहा कि ये धाराएं क्राइम रिपोर्टर को कानून के दायरे में बांधती है। दूसरे सत्र में विभाग के अजॉय बनर्जी, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीतिक पत्रकारिता के साथ–साथ येलो पत्रकारिता पर छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के दूसरे दिन योगराज शर्मा, संपादक, आज की देलही, ने चर्चा करते हुए कहा कि क्राइम रिपोर्टिंग में सोर्स की महत्ता का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। वहीं राजनीतिक पत्रकारिता की रिपोर्टिंग में विपक्ष की मुद्दों को प्रमुखता देने की बात बताया। अपराध रिपोर्टिंग करते समय पीड़ित और उसके परिवार की सूचना कैसे, कब और क्यों छिपाई जाए आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कार्यशाला में योगराज शर्मा ने भावी पत्रकारों यानि कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों को पत्रकारिता जगत से जुड़े प्रमुख तथ्यों के बारे में बताया और भविष्य में निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यशाला के अंतिम और तीसरे दिन अभीक अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर और कार्यशाला समन्वयक तथा अजॉय बनर्जी, असिस्टेंट प्रोफेसर ने कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों के साथ अपराध और पुलिस प्रशासन के बीच के रिश्ते को समझने और समझाने के लिए रोहिणी सेक्टर –3 पुलिस स्टेशन का भ्रमण कर अपराध रिपोर्टिंग और पुलिस के बीच के रिश्ते के बारे में एसएचओ से अनेक मुद्दों पर जानकारियों से अवगत कराया। इस दौरान थाना परिसर में पहले से मौजूद सत्यवीर सिंह, एसएचओ ने छात्र–छात्राओं को सीधी वार्तालाप में आम आदमी अपराध को कैसे रोकने में सक्षम हो सकता है, के बारे में बताया। अपराध जगत में महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर वुमेन सेल और उसके स्पेशल मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर अपराध को कम किया जा सकता है। अपराध रिपोर्टिंग को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के लिए पुलिस प्रशासन से संबंध बहुत ही सहायक होता है और अनेक व्यावहारिक मुद्दों को समझने में मदद मिलती है। कार्यशाला के प्रतिभागियों ने आपराधिक रिपोर्टिंग और पुलिस के बीच संबंध पर एसएचओ का एक इंटरव्यू लेकर बारीकियों को समझने के लिए व्यवहारिक और प्रायोगिक कार्यों से अवगत हुए। आयोजित कार्यशाला में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभागिता सुनिश्चित कर राजनीतिक और अपराध रिपोर्टिंग के गुणों को सीखा।



प्रथम सत्रः अभीक अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर




प्रथम सत्र में विरेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, पत्रकारिता विभाग से बच्चो एवं अध्यापिकाओ को पॉलिटिक्ल और क्राइम रिपोर्टिंग के बारे में प्रोत्साहित करते हुए



दूसरे दिन योगराज शर्मा, संपादक आज की देलही,एवं डारेक्टर ऑफ टेक्निया इंस्टीटयूट ऑफ एडवान्स्ड स्टडीज प्रतिमा के समय सरस्वती दीप प्रज्जवलित करते हुए



दूसरे दिन योगराज शर्मा, संपादक आज की देलही,कार्यशाला मे प्रतिभागियो को पॉलिटिक्ल और क्राइम रिपोर्टिंग के बारे मे जानकारी देते हुए



तीसरे दिन एसएचओ सत्यवीर सिंह, प्रतिभागियों को क्राइम की रिपोर्टिंग से संबंधित बारीकियों से अवगत कराते हुऐ




तीसरे दिन सत्यवीर सिंह, एसएचओ को सम्मानित करते हुए अभीक अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसरए

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्रचीर से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्र की तरक्की से लेकर कृषि क्षेत्र के विकास तक करीब हर क्षेत्र पर अपनी बातें रखी। मोदी ने कहा कि कश्मीर में गाली और गोली से नहीं बल्कि गले लगाकर आगे बढ़ेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आज भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा कर है। आइये जानते है पीएम मोदी के लाल किले से भाषण की 10 बड़ी बातें–

1– अपने 82 मिनट के संबोधन में पीएम मोदी ने ऐलान किया कि आगामी 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य अभियान शुरू होगा। इससे गरीबों को अच्छा और सस्ता इलाज मिलेगा। इस योजना से करीब 50 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। इसके तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मिलेगी।

2–प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर हम साल 2013 की रफ्तार से चलते तो कई काम पूरा करने में दशकों लग जाते, लेकिन चार साल में बहुत कुछ बदला और देश आज बदलाव महसूस कर रहा है।

3– मोदी ने कहा, चार साल में देश बदलाव महसूस कर रहा है। आकाश वही है पृथ्वी वही है, लोग, दफ्तर सब कुछ पहले जैसा है लेकिन अब देश बदल रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाएं और आवश्यकताएं बहुत हैं, उन्हें पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को निरंतर प्रयास करना है।

4– पीएम ने जम्मू कश्मीर को लेकर कहा– आने वाले कुछ महीने में जम्मू–कश्मीर के लोगों अपना मत जताने का अधिकार मिलेगा, निकाय चुनावों की शुरूआत होगी।

5– मोदी ने कहा कि देश की अपेक्षाएं और आवश्यकताएं बहुत हैं, उन्हें पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को निरंतर प्रयास करना है।

6– पीएम मोदी ने कहा– हमें ठहराव मंजूर नहीं, ये देश रुकने वाला नहीं, झुकने वाला नहीं मैं बेसब्र हूं क्योंकि देश में अब भी कई बच्चे कुपोषण का शिकार है। मैं व्याकुल भी हूं क्योंकि मैं चाहता हूं कि देश का तेजी से विकास हो।

7–पीएम मोदी ने कहा त्रिपुरा–मेघालय और अरुणाचल के कई भागों में आतंक का खात्मा हुआ और ऐतिहासिक रुप से शांति की स्थापनी हुई है। 126 लेफ्ट कट्टरपंथियों को 90 जिले तक सीमित कर दिया है। हम पूरे देश में शांति के लिए काम कर रहे हैं।

8–पीएम मोदी ने कहा कि तीन तलाक के कारण मुस्लिम महिलाओं के साथ गंभीर अन्याय होता है। इस कुप्रथा को खत्म करने के लिये हम प्रयासरत हैं लेकिन कुछ लोग इसे खत्म नहीं करने देना चाहते। मैं मुस्लिम बहनों को विश्वास दिलाता हूं कि हम उन्हें न्याय दिलाने के लिये पूरा प्रयास करेंगे।

9– पीएम ने कहा कि छः करोड़ फर्जी लोगों के नाम पर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया जा रहा था, इसे रोका गया। इससे देश को 90,000 करोड़ रुपये की बचत हुई।

10– प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2022 से पहले ही, भारतीय वैज्ञानिकों ने मानवसहित गगनयान लेकर अंतरिक्ष में तिरंगे के साथ जाने का संकल्प लिया है, यदि संभव हुआ तो भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश होगा।

प्रस्तुतिः–
राहुल मित्तल

# प्रधानमंत्री का अभिभाषण



संपादक की कलम से

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से 2019 आम चुनावों से पहले अंतिम अभिभाषण दिया, जो लगभग 80 मिनट तक चला। देश के नाम इस संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण से देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया। अपनी सरकार की सवा चार साल की उपलब्धियों के साथ–साथ उन चुनौतियों का भी जिक्र किया, जो कि सरकार के सामने खड़ी हैं। हर प्रधानमंत्री की तरह प्रधानमंत्री मोदी ने भी उपलब्धियों का जिक्र ज्यादा किया क्योंकि अव्वल तो यह मौका अपनी आजादी के जश्न का होता है, इसलिए हरेक प्रधानमंत्री को स्याह पहलुओं के जिक्र से बचना भी चाहिए और फिर अगले साल के पूर्वार्द्ध में देश में आम चुनाव होने वाले हैं। जाहिर है, सरकार की उपलब्धियों के सहारे ही प्रधानमंत्री मतदाताओं से नया जनादेश मांगने के लिए चुनावी समर में उतरेंगे। इस लिहाज से प्रधानमंत्री के भाषण का एक बड़ा राजनीतिक संकेत यह है कि उन्होंने नारी शक्ति और नारी सामर्थ्य को खासा महत्त्व दिया। उन्होंने न सिर्फ शीर्ष अदालत के न्यायमूर्तियों में महिलाओं की संख्या बढ़ने और अपने मंत्रिमंडल में उनकी बेहतर नुमाइंदगी का जिक्र किया, बल्कि फौज की नौकरी में शॉर्ट सर्विस के तहत आने वाली युवतियों के लिए स्थाई कमिशन का दरवाजा खोलने का बड़ा एलान भी किया। उन्होंने मुस्लिम महिलाओं के हक में तीन तलाक के मसले का उल्लेख करते हुए यह संकल्प दोहराया कि वह इससे जुड़े विधेयक को पारित कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, तो बलात्कार की शिकार महिलाओं को त्वरित इंसाफ दिलाने की कोशिश का जिक्र आधी आबादी को सुरक्षा का आश्वासन था।हर साल 15 अगस्त के भाषण में प्रत्येक प्रधानमंत्री कुछ बड़ी योजनाओं की घोषणा करते हैं, जो देश की प्रगति में सहायक बनती रही हैं। नरेंद्र मोदी ने एक महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा की है, जो पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आगामी जन्मतिथि से लागू होने जा रही है। निस्संदेह, यह एक ऐसी स्वास्थ्य योजना है, जो यदि जमीनी स्तर पर सही तरीके से लागू हुई तो बीमार गरीबों को बेबसी और लाचारी से काफी हद तक निजात दिला देगी। मगर हम नहीं भूल सकते कि आंकड़ों और हकीकत के बीच के फासले अक्सर भूल–भुलैया साबित हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने सितंबर से इसे लागू करने का एलान किया है, और उसके बाद देश चुनावी मोड में आ जाएगा। ऐसे में, इस योजना की कामयाबी पूरी तरह तंत्र के हवाले होगी या फिर अगली सरकार के। क्या हमारा तंत्र इतना सत्ता निरपेक्ष है? मनरेगा का हश्र एक उदाहरण है लाल किले के संबोधन की अपनी एक गरिमा है। इसीलिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में इसे काफी गौर से सुना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग सभी पक्षों को अपने संबोधन में समेटकर देशवासियों को भरोसा दिया है कि भारत तरक्की की राह पर बढ़ चला है और अब उसके शिथिल पड़ने का सवाल नहीं। निस्संदेह, पूरे विश्व की नजर 2019 के आम चुनावों पर होगी जिसके लिए नरेंद्र मोदी एक उम्मीदवार होंगे। इसलिए उनका भाषण सभी के लिए महत्त्व रखता है। और उनकी तरह ही सवा अरब भारतीय भी एक विकसित भारत देखने को बेसब्र, बेचैन और व्याकुल हैं।

# Celebration of independence day








# श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि



क्या हार में, क्या जीत में ।।
किंचित नही भयभीत मैं
कर्तव्य पथ पर जो भी मिला ।।
यह भी सही वो भी सही
वरदान नही मांगूगा
हो कुछ पर हार नही मानूंगा ।।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी**
**1924-2018**







# TALENT HUNT@ TIAS











-यं.ब्यूरो

# Sankalp Se Siddhi
# New India Movement 2018-2022








## THIS MONTH

**August 9, 1974 -** Effective at noon, Richard M. Nixon resigned the presidency as a result of the Watergate scandal. Nixon had appeared on television the night before and announced his decision to the American people. Facing possible impeachment by Congress, he became the only U.S. President ever to resign.

*****

**August 11, 1841 -** Frederick Douglass, an escaped slave, spoke before an audience in the North for the first time. During an anti-slavery convention on Nantucket Island, he gave a powerful, emotional account of his life as a slave. He was immediately asked to become a full-time lecturer for the Massachusetts Antislavery Society.

*****

**August 3, 1492 -** Christopher Columbus August 9, 1974 - Effective at noon, Richard M. Nixon resigned the presidency as a result of the Watergate scandal. Nixon had appeared on television the night before and announced his decision to the American people. Facing possible impeachment by Congress, he became the only U.S. President ever to resign.

*****

**August 11-16, 1965 -** Six days of riots began in the Watts area of Los Angeles, triggered by an incident between a white member of the California Highway Patrol and an African American motorist. Thirty-four deaths were reported and more than 3,000 people were arrested. Damage to property was listed at $40 million.

**Compilation:** Honey Shah





-यं.ब्यूरो

## BASICS OF MEDIA

**Camcorder:** A portable camera with the videotape recorder or some other recording device attached or built into it to form a single unit.

*****

**Expanded system:** A television system consisting of equipment and procedures that allows for selection, control, recording, playback, and transmission of television pictures and sound.

*****

**Aspect ratio:** The width-to-height proportions of the standard television screen and therefore of all analog television pictures: 4 units wide by 3 units high. For DTV and HDTV, the aspect ratio is 16 × 9.

*****

**Streaming:** A way of delivering and receiving digital audio and/or video as a continuous data flow that can be listened to or watched while the delivery is in progress. .

*****

**Program Proposal:** Written document that outlines the process message and the major aspects of a television presentation.

*****

**Treatment:** Brief narrative description of a television program.

**Compilation:** Rahul Mittal

# Nukkad Natak









*Nimata Mishra*

## IMPORTANT QUOTES

"I do not consider it an insult, but rather a compliment to be called an agnostic. I do not pretend to know where many ignorant men are sure -- that is all that agnosticism means."

***- Clarence Darrow***

*****

"Obstacles are those frightful things you see when you take your eyes off your goal."

***- Henry Ford***

*****

"I'll sleep when I'm dead."

***- Warren Zevon***

*****

"There are people in the world so hungry, that God cannot appear to them except in the form of bread."

***- Mahatma Gandhi***

*****

**Compilation:** Sanjay Srivastava

## WINNERS v/s LOOSERS Part-84

Winners have dreams;
Losers have schemes.

*****

Winners see the potential;
Losers see the past.

*****

Winners are a part of the team;
Losers are apart from the team.

*****

Winners makes commitments;
Losers makes promises.

*****

A winner always has a plan.
A loser always has an excuse.

*****

*To Be Continued In Next Issue-*

**Compilation:** Rahul Mittal

**Vol.** 14 **No.** 8
**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598
**Publisher:** Ram Kailsah Gupta on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5
**Editor:** Rahul Mittal, responsible for selection of News under PRB Act. All rights reserved.

All Students and Faculty are welcome to give any Article, Feature & Write-up along with their Views & Feedback at: **youngstertias@gmail.com**